

# नांदगांव टाइम्स



रविवार, 26 जनवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 104, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## एक देश एक चुनाव योजना से शासन में स्थिरता को मिलेगा बढ़ावा', राष्ट्र के नाम संबोधन में बोलीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु



**नई दिल्ली।** 26 जनवरी (रविवार) को पूरा भारत 76वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्र के नाम अपना संबोधन दिया है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में शामिल भारत को ज्ञान और विवेक का उद्गम माना जाता था लेकिन भारत को एक अंधकारमय दौर से गुजरना पड़ा। इसके अलावा उन्होंने कई मुद्दों पर अपनी बातों को रखा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 76वें गणतंत्रदिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में शामिल भारत को ज्ञान और विवेक का उद्गम माना जाता था लेकिन भारत को एक अंधकारमय दौर से गुजरना पड़ा। उन्होंने कहा कि आज के दिन सबसे पहले हम उन सूर वीरों को याद करते हैं जिन्होंने मातृभूमि को विदेशी शासन की बेड़ियों से मुक्त करने के लिए बड़ी से बड़ी कुर्बानी दी। इस वर्ष, हम भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मना रहे हैं। वे ऐसे अग्रणी स्वाधीनता सेनानियों में शामिल हैं जिनकी भूमिका को राष्ट्रीय इतिहास के संदर्भ में अब समुचित महत्व दिया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत के गणतांत्रिक मूल्यों का प्रतिबिंब हमारी संविधान सभा की संरचना में भी दिखाई देता है। उस सभा में देश के सभी हिस्सों और सभी समुदायों का प्रतिनिधित्व था। सबसे अधिक उल्लेखनीय बात यह है कि संविधान सभा में सरोजिनी नायडू, राजकुमारी अमृत कौर, सुचेता कृपलानी, हंसाबेन मेहता और मालती चौधरी जैसी 15 असाधारण महिलाएं भी शामिल थीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 में हमने स्वाधीनता प्राप्त कर ली थी, लेकिन औपनिवेशिक मानसिकता के कई अवशेष लंबे समय तक विद्यमान रहे। हाल के दौर में, उस मानसिकता को बदलने के ठोस प्रयास हमें दिखाई दे रहे हैं। ऐसे प्रयासों में इंडियन पीनल कोड, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड, और इंडियन एविडेंस एक्ट के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू करने का निर्णय सर्वाधिक उल्लेखनीय है। राष्ट्रपति मुर्मु ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के बड़े पैमाने पर सुधारों के लिए दूरदर्शिता की आवश्यकता होती है। एक और उपाय जो सुशासन की शर्तों को फिर से परिभाषित करने का वादा करता है, वह है देश में चुनाव कार्यक्रमों को एक साथ लाने के लिए संसद में पेश किया गया विधेयक। 'एक राष्ट्र एक चुनाव' योजना शासन में स्थिरता को बढ़ावा दे सकती है, नीतिगत पक्षाघात को रोक सकती है, संसाधनों के विचलन को कम कर सकती है और वित्तीय बोझ को कम कर सकती है, साथ ही कई अन्य लाभ भी प्रदान कर सकती है। उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत के साथ हमारा जुड़ाव और अधिक गहरा हुआ है। इस समय आयोजित हो रहे प्रयागराज महाकुंभ को उस समृद्ध विरासत की प्रभावी अभिव्यक्ति के रूप में देखा जा सकता है। हमारी परंपराओं और रीति-रिवाजों को संरक्षित करने तथा उनमें नई ऊर्जा का संचार करने के लिए संस्कृति के क्षेत्र में अनेक उत्साह-जनक प्रयास किए जा रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ में 22 पुलिस अफसरों को मिलेगा पुलिस पदक, एक को राष्ट्रपति

**रायपुर.** गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी 2025 को छत्तीसगढ़ पुलिस के 22 अधिकारियों को पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा. इसकी घोषणा भारत सरकार ने की है. गृह मंत्रालय के आदेश के मुताबिक, छत्तीसगढ़ से इंस्पेक्टर महेश राम साहू को राष्ट्रपति पदक से नवाजा जाएगा. इसके अलावा बेहतर कार्य के लिए 21 अधिकारियों को पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा. कवर्धा के डीएसपी अंजू कुमारी और थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लालजी सिन्हा को उनके साहस, उत्कृष्ट नेतृत्व और नक्सल उन्मूलन अभियान में उनके असाधारण योगदान के लिए देश के सर्वोच्च पुलिस वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा. अंजू कुमारी ने नक्सल मोर्चे पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देश की पुलिस सेवा में एक नई मिसाल कायम पेश की है. वे नक्सल मोर्चे पर शामिल होने वाली पहली महिला राजपत्रित अधिकारी हैं,डीएसपी अंजू ने विशेष तैनाती के दौरान दंतेवाड़ा जिले के थाना अरनपुर के ग्राम नहाड़ी में नक्सलियों के खिलाफ एक निर्णायक मुठभेड़ में बेहतरीन नेतृत्व का प्रदर्शन किया. इस अभियान में उनकी टीम ने दो कुख्यात महिला नक्सलियों को मार गिराया और बड़ी मात्रा में हथियार, विस्फोटक सामग्री और अन्य नक्सली उपकरण बरामद किए. यह सफलता इस क्षेत्र में शांति की स्थापना में महत्वपूर्ण कदम साबित हुई.।

## भाजपा जल्द करेगी नामों का ऐलान : डिप्टी सीएम साव बोले- बैठकों का दौर पूरा, प्रत्याशियों की सूची जल्द होगी घोषित



**रायपुर।** बीजेपी प्रत्याशियों को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि, प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। प्रदेश, जिला, संभाग स्तरीय समितियों की बैठकें हो चुकी हैं। कभी भी प्रत्याशियों की सूची घोषित हो सकती है। छत्तीसगढ़ में बीजेपी नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए उम्मीदवारों की लिस्ट तय हो गई है। शनिवार को क्छ्छक प्रत्याशियों को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि, प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। प्रदेश, जिला, संभाग स्तरीय समितियों की बैठकें हो चुकी हैं। कभी भी प्रत्याशियों की सूची घोषित हो सकती है। प्रदेश में रिकॉर्ड 145 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसको लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, यह विष्णुदेव सरकार के सुशासन का परिणाम है। अन्नदाताओं के परिश्रम से धान खरीदी का आंकड़ा बढ़ रहा है। कांग्रेस झूठ बोल रही थी और अफवाह फैलाने का काम कर रही थी। रिकॉर्ड धान खरीदी कांग्रेस के आरोपों पर करारा जवाब है। कांग्रेस में प्रत्याशी चयन के लेट-लतीफी को लेकर उन्होंने कहा कि, कांग्रेस पार्टी डरी हुई है, घबराई हुई है। कांग्रेस समझ रही है कि, जनता उन्हें घर बैठाने के लिए तैयार बैठी है। इसलिए उनकी बैठक तक नहीं हो पा रही है। सरकार ने राम वनगमन परिपथ में अनियमितता की जांच के लिए कमेटी बनाई गई है।

## इसरो फिर इतिहास रचने को तैयार, 29 जनवरी को लगेगी 'सैटेलाइट सेंचुरी'



**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो फिर से एक नया रिकॉर्ड अपने नाम करने जा रहा है। 29 जनवरी 2025 को इसरो अपनी 100वीं लॉन्चिंग के लिए तैयार है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से जीएसएलवी-एफ15 मिशन को लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसरो के लिए एनवीएस-02 मिशन कई मायनों में खास है। जीएसएलवी-एफ15 रॉकेट एनवीएस-02 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में स्थापित करेगा आईआएनएस, भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है।

## गणतंत्र दिवस पर वीरता पुरस्कारों का एलान, 942 जवानों को मिलेंगे पदक




**नई दिल्ली।** पुलिस अग्निशमन होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा और सुधार सेवाओं के कुल 942 कर्मियों को विभिन्न श्रेणियों के वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। इन पदकों में से 95 वीरता पदक शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि पुरस्कार पाने वालों में पुलिस अग्निशमन होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा के कर्मी और सुधारात्मक सेवाओं में काम करने वाले कर्मी शामिल हैं। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पुलिस, अग्निशमन, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा और सुधार सेवाओं के कुल 942 कर्मियों को विभिन्न श्रेणियों के वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि पुरस्कार पाने वालों में पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा के कर्मी और सुधारात्मक सेवाओं में काम करने वाले कर्मी शामिल हैं। वीरता पुरस्कार विजेताओं में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में तैनात 28, जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में 28, पूर्वोत्तर में तीन और अन्य क्षेत्रों में तैनात 36 को उनकी वीरतापूर्ण कार्रवाई के लिए सम्मानित किया जा रहा है। 101 जवानों को विशिष्ट सेवा (पीएसएम) के लिए राष्ट्रपति पदक सौंपे गए हैं। इनमें से 85 पुलिस कर्मियों को, पांच अग्निशमन सेवा कर्मियों को, सात नागरिक सुरक्षा और होमगार्ड सेवा को और चार सुधारात्मक सेवा पुरस्कार दिए गए हैं। इसके अलावा जिन कर्मियों को 746 सराहनीय सेवा पदक (एमएसएम) दिए गए, उनमें से 634 पुलिस सेवा, 37 अग्निशमन सेवा, 39 नागरिक सुरक्षा और गृह रक्षक सेवा तथा 36 सुधारात्मक सेवा को दिए जाएंगे। यहां पूरी लिस्ट देख सकते हैं। वीरता पदक (जीएम) वीरता के दुर्लभ विशिष्ट कार्य तथा वीरता के विशिष्ट कार्य के लिए दिया जाता है, जिसमें जान और संपत्ति की रक्षा करना, अपराध को रोकना या अपराधियों को गिरफ्तार करना शामिल है। इसमें जोखिम का आकलन संबंधित अधिकारी के दायित्वों और कर्तव्यों के अनुसार किया जाता है। विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक (पीएसएम) सेवा में विशेष विशिष्ट रिकॉर्ड के लिए दिया जाता है तथा सराहनीय सेवा के लिए पदक (एमएसएम) संसाधन और कर्तव्य के प्रति समर्पण की विशेषता वाली मूल्यवान सेवा के लिए दिया जाता है।

### नगरीय निकायों के महापौर, अध्यक्ष और पार्षद पद हेतु मुक्त प्रतीक चिन्ह

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत राज्य के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को सभी नगरीय निकायों में पार्षद सहित नगरपालिक निगम में महापौर, नगर पालिका और नगर पंचायत में अध्यक्ष पद हेतु नाम निर्देशन पत्र में प्रतीक चिन्ह के उपयोग के लिए पत्र जारी किया है। इसके अनुसार मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय, राज्यीय और अमान्यता प्राप्त रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दल के लिए आरक्षित प्रतीक चिन्ह से अलग प्रतीक चिन्ह की सूची जारी किया है। नगरपालिक निगम में महापौर, नगरपालिका और नगर पंचायत में अध्यक्ष पद हेतु स्लेट, कांच का गिलास, ट्यूब लाईट, स्टूल, रोड रोलर, सीटी, प्रेशर कुकर, गले की टाई, बेन्च, अंगूठी, गैस सिलेण्डर, हारमोनियम, डीजल पम्प, चक्की, मेज, सेव, केतली, फ्राक, बाल्टी, द्वार घंटी, कुंआ, ऑटो-रिक्शा, फलों से युक्त टोकरी, एअरकंडीशनर, केक, चिमनी, हीरा, बांसुरी, अंगूर, माइक, मटर, सोफा, भाला फेंक, ट्रक, टायर, छड़ी, बटुआ, खिड़की, ईंट, बेल्ट, केल्कूलेटर, कारपेट, शतरंज बोर्ड, लैपटॉप, कैरम बोर्ड, आईसक्रीम, पेट्रोल पम्प, रेफ्रीजरेटर, रूम हीटर, सीसीटीवी कैमरा का मुक्त प्रतीक चिन्ह शामिल है। इसी तरह नगरीय निकायों में पार्षद पद हेतु सिलाई की मशीन, ब्लैक बोर्ड, टेलीफोन, लैटर बाक्स, अलमारी, कढ़ाई, स्कूल का बस्ता, पानी का जहाज, झूला, चिमटा, तरबूज, ऊन व सिलाई, हेलमेट, कम्प्यूटर, टैन्ट, मिक्शी, रूम कुलर, स्वीच बोर्ड, टीवी रिमोर्ट, टेलीविजन का मुक्त प्रतीक चिन्ह शामिल है।

## पं. धीरेंद्र शास्त्री निकालेंगे पदयात्रा : कांग्रेस बोली- वे मीडिया जीवी कथा वाचक, डबल इंजन सरकार के लिए शर्म वाली बात



**रायपुर।** पं. धीरेंद्र शास्त्री धर्मांतरण रोकने के लिए पदयात्रा निकालेंगे। इस पर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि, धीरेंद्र शास्त्री मीडिया जीवी कथा वाचक हैं। अपने आप को मीडिया में सुर्खियों में रखना चाहते हैं। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री धर्मांतरण रोकने के लिए पदयात्रा निकालेंगे। इस पर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि, धीरेंद्र शास्त्री मीडिया जीवी कथा वाचक हैं। अपने आप को मीडिया में सुर्खियों में रखना चाहते हैं। अगर छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण हो रहा हैं, तो भाजपा के सरकार के लिए शर्म से डूबनी वाली बात हैं। उन्होंने आगे कहा कि, डबल इंजन की सरकार धर्मांतरण रोक नहीं पा रही हैं। जो सरकार धर्मांतरण के लिए बड़ी- बड़ी बात करती थी। अब धीरेंद्र शात्री जैसे आदमी को पदयात्रा निकालनी पड़ रही हैं। प्रदेश में धान खरीदी कापिछले रिकॉर्ड टूट गया है। इस पर संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि, कांग्रेस की सरकार बनने के बाद पैदावार के लिए किसानों की उत्सुकता बढ़ी। हमारी सरकार ने पच्चीस सौ रुपये धान की खरीदी निर्धारित की। अभी केवल 145 लाख मीट्रिक टन धान की ख़रीदी हुई हैं, 160 लाख मेट्रिक टन का लक्ष्य साय सरकार ने रखा हैं। ये तीन दिन में कैसे पूरा होगा? इसके लिए समय बढ़ाना चाहिए। साय सरकार धान खरीदी के लिए दस दिन और बढ़ाये। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा था कि, भाजपा कांग्रेस से पहले कैंडिडेट का ऐलान करेगी। इस पर श्री शुक्ला ने कहा कि, काठ की हांडी बार- बार नहीं चढ़ती।

भाजपा की हांडी दो बार विधानसभा और लोकसभा में चढ़ चुकी हैं। जनता समझ चुकी हैं की इनको भाजपा ने ठगा हैं। इससे जनता हताश और निराश हैं। भाजपा ने जनता को छला हैं, ये आज ही कैंडिडेट घोषित कर दें। लेकिन जनता चुन- चुन के इनके कैंडिडेट को हराएगी।

## अवकाश सूचना



### शुभकामनाएं

दैनिक नांदगांव टाइम्स की ओर से सभी पाठकों, संवाददाताओं एवं विज्ञापनदाताओं को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई - प्रबंध संपादक

### सूचना

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नांदगांव टाइम्स के कार्यालय में 26 जनवरी 2024 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 28 जनवरी 2025 को प्रकाशित होगा। -प्रबंध संपादक

## नगरीय निकाय-त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : भाजपा की मैराथन बैठक में नामों पर लगी मुहर



**रायपुर।** नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर राजनीतिक दलों के बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया है. शुक्रवार को बीजेपी कार्यालय में भाजपा की मैराथन बैठकों का दौर चला. कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में विभिन्न बैठक होने के प्रदेश चुनाव समिति की बैठक हुई. बैठक में चुनावों को लेकर कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई. बताया जा रहा कि बैठक में उम्मीदवारों के नामों पर अंतिम मुहर लग गई है. आज से भाजपा प्रत्याशियों की सूची आनी शुरू हो जाएगी. बैठक के बाद भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि आगामी एक-दो दिनों में तय उम्मीदवारों की सूची घोषित हो जाएगी.

शुक्रवार को हुई बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव, विजय शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. (सुश्री) सरोज पांडेय, मंत्री रामविचार नेताम, ओपी चौधरी, केदार कश्यप, सांसद संतोष पांडे, विधायक लता उसेंडी, पुन्नूलाल मोहले, धरमलाल कौशिक, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जगदीश (रामू) रोहरा, भरत लाल वर्मा, राम जी भारती मौजूद रहे.

### कांग्रेस केवल भ्रम फैलाने का काम कर रही : कौशिक

नगरीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को मुद्दा बनाते हुए कांग्रेस भाजपा को घेरने में जुटी है. कांग्रेस के आरोपों को नौटंकी करार देते हुए भाजपा के वरिष्ठ विधायक धरम लाल कौशिक ने कहा कि यह कोई बीजेपी का निर्णय नहीं है. सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाइन के हिसाब से चुनाव हो रहा है. ओबीसी वर्ग को पर्याप्त टिकट दिया जाएगा. कांग्रेस केवल भ्रम फैलाने का काम कर रही है. बैठक के बाद भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि बैठक में संभाग के सभी वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई है. सभी वरिष्ठ नेताओं से अलग-अलग मशविरा किया गया है और इस प्रश्न पर विचार-विमर्श हुआ है कि क्या होना चाहिए, किस तरीके से होना चाहिए? इस पर हुई विस्तृत चर्चा के आधार पर जो चयन प्रक्रिया है वह आगे बढ़ेगी. हमारी जो समितियां हैं, मंडल समिति प्रत्याशियों के नामों की सूची जिला समिति को भेजी है. जिला समिति से संभाग और संभाग से प्रदेश स्तरीय चुनाव समिति तक सारी सूची प्राप्त हो रही है. नगर निगम, नगरपालिका और नगर पंचायत के प्रत्याशियों की सूचियां धीरे-धीरे बनकर ऊपर तक आई है. श्रीवास्तव ने कहा कि आगामी एक-दो दिनों में तय उम्मीदवारों की सूची घोषित हो जाएगी. सभी वर्गों का समावेश कर भारतीय जनता पार्टी सर्वजन सर्वहित और सभी वर्ग को लेकर चलती है समरसता के अनुसार कार्य करती है. भाजपा नगरीय निकाय चुनाव के प्रदेश संयोजक भूपेंद्र सवन्नी ने कहा कि भाजपा की अपनी एक निश्चित प्रत्याशी चयन प्रक्रिया है और हमारे सभी स्तर पर मंडल चयन समिति, जिला चयन समिति और संभाग चयन समिति की बैठकें हो चुकी है. अब जो हमारे पास पैनल आए हैं, उसे केंद्रीय नेतृत्व के सामने रखे हैं, जिन पर शीघ्र विचार करके शीघ्र ही महापौर सहित प्रत्याशियों की सूची जारी होगी.

# सीईओ जिला पंचायत को राज्य स्तरीय समारोह में स्पेशल अवार्ड (स्वीप) से किया गया सम्मानित

## निर्वाचन कार्यों का उत्कृष्ट संपादन, मतदान प्रतिशत में वृद्धि एवं जागरूकता कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए किया गया पुरस्कृत, मतदान प्रतिशत में ऐतिहासिक 2.8 की वृद्धि



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आज विवेकानंद सभागृह इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह को स्पेशल अवार्ड (स्वीप) से सम्मानित किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन कार्यों का उत्कृष्ट संपादन, मतदान प्रतिशत में वृद्धि एवं जागरूकता कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगांव सुश्री सुरूचि सिंह को सम्मानित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सीईओ ने बेहतरीन तरीके से अपना दायित्व निभाया, जिसके सुखद परिणाम रहे और वर्ष 2024 के लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हुई।

**मतदान प्रतिशत में 2.8 की वृद्धि-** मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का सफल संचालन, स्वस्थ मतदाता सूची और सुलभ चुनावों के कारण चुनावी भागीदारी में ऐतिहासिक 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। राजनांदगांव जिले में 4 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं, जिनमें से 3 निर्वाचन क्षेत्र (74-डोंगरगढ़ 76-डोंगरगांव और 77-खुज्जी) नक्सल प्रभावित क्षेत्र माने जाते हैं। राजनांदगांव के सभी निर्वाचन क्षेत्रों में बड़े शहरी क्षेत्र भी है। स्वीप राजनांदगांव ने कोई मतदाता न छूटे इस दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित करते हुए, जहां प्रत्येक व्यक्ति को न केवल जिला प्रशासन द्वारा बल्कि बड़े पैमाने पर समुदाय द्वारा लक्षित और शामिल किया गया। परिणामस्वरूप, मतदान प्रतिशत 77.29 (लोकसभा निर्वाचन 2019) से बढ़कर 80.09 प्रतिशत (लोकसभा निर्वाचन 2024) हो गया, जो 28 प्रतिशत की वृद्धि है।

**स्वीप 2024 का प्रभाव**-जिले का लोकसभा निवार्चन मतदान प्रतिशत 77.29 प्रतिशत (लोकसभा निर्वाचन 2019) से बढ़कर 80.09 प्रतिशत (लोकसभा निर्वाचन 2024) हो गया, जो 2.8 प्रतिशत की वृद्धि है। छत्तीसगढ़ में चुनाव के दूसरे चरण में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत होने के अलावा, यह 80 और उससे अधिक मतदान प्रतिशत वाले जिलों की तुलना में सबसे अधिक वृद्धि (2.8) दर भी थी। कुछ महीने पहले ही, विधानसभा चुनाव 2023 में मतदान प्रतिशत में थोड़ी कमी आई थी। सभी क्षेत्रों से लोग मतदान करने आए, चाहे वह प्रसव से ठीक पहले गर्भवती महिलाएं हों या शादी के परिधानों में कई जोड़े, या घर आजा संगी के कारण वापस आए प्रवासी श्रमिक या यहां तक कि 100 साल के मतदाता भी मतदान करने पहुंचे। बहिष्कार की धमकी वाली पंचायतों में कई बार स्वीप संगोष्ठियों की गई, जिसके परिणामस्वरूप बहिष्कार की धमकी वाली पंचायतों में क्रमशः 82 और 84 मतदान रहा। स्वीप राजनांदगांव का कोई मतदाता न छूटे दृष्टिकोण चुनावी भागीदारी के लिए सामुदायिक आंदोलन बनने में सफल रहा।

**महत्वपूर्ण गतिविधियों जिन्होंने जिले को यह उपलब्धि दिलाई-** स्वीप गतिविधियों की योजना बनाकर 2024 के लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले हुए विधानसभा चुनावों में, पिछले 2018 के विधानसभा चुनावों की तुलना में मतदान प्रतिशत में लगभग 1. 5 प्रतिशत की कमी आयी। यह जिला स्वीप टीम के लिए एक बड़ी चुनौती थी। इसलिए स्वीप टीम ने कम मतदान वाले मतदान केंद्रों के पीछे के कारणों पर गहन और केंद्रित योजना बनाई, एक व्यापक स्वीप कैलेंडर का मसौदा तैयार किया और विशेष रूप से कम मतदान वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न नोडल बनाए। इसके अलावा, स्वीप टीम ने सुझाव लेने के लिए हितधारकों की कई बैठकें की। ऐसी ही एक बैठक में यह सुझाव दिया गया कि संसदीय चुनावों के प्रति मतदाताओं की उदासीनता को दूर करने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर स्वीप संगोष्ठी होनी चाहिए। उन्हें संसद का महत्व, सांसदों की भूमिका के बारे में समझाया जाना चाहिए। हालांकि राजनांदगांव में स्वीप 2024 ने पूरे समुदाय का दृष्टिकोण अपनाया, जिसमें किसी भी हितधारक और मतदाता को पीछे नहीं छोड़ा गया।

**मतदाता सूची को मजबूत बनाया गया-** जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदाता सूची को और अधिक मजबूत बनाया गया। 2024 के पहले पुनरीक्षण के दौरान 27036 मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया। पहली बार मतदाताओं पर बहुत अधिक ध्यान दिया गया। 2023 के पहले मतदाता सूची पुनरीक्षण के बाद से 28320 पहली बार मतदाता पंजीकृत हुए।

**प्रवासी मजदूरों पर ध्यान केन्द्रित करना-** घर आजा संगी अर्थात घर आओ साथी स्वीप टीम द्वारा चलाया गया एक कार्यक्रम था और यह राजनांदगांव में सफल साबित हुआ। प्रत्येक मतदान केन्द्र के बीएलओ द्वारा प्रवासी मजदूरों को वीडियो कॉल की गई। यहां बीएलओ ने मतदाताओं को वापस आकर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रवासी मजदूरों को 3000 से अधिक फोन कॉल किए गए, जिनमें से 2200 से अधिक मतदाता मतदान करने के लिए वापस आए। उनका तिलक और गुलदस्ते के साथ स्वागत किया गया। स्वीप बियॉन्ड बॉडर्स छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा पर आयोजित एक विशाल रैली थी, जिसका उद्देश्य एक दूसरे के राज्य के प्रवासी मजदूरों को लक्षित करना था, जो मतदान करने के लिए सीमा पार करते हैं।

**मतदाता शिक्षा प्रचार-प्रसार-** सभी ग्राम पंचायतों में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों द्वारा स्वीप संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। शहरी आबादी को लक्षित करने के लिए कई कार्यक्रम किए गए, जैसे स्वीप महोत्सव जिसमें एक संगीत समारोह, रैपर द्वारा प्रदर्शन, नाटक और नृत्य शामिल थे। फिट राजनांदगांव फिट वोटर्स कार्यक्रम में शहरी फिटनेस प्रेमियों के लिए डांस फिटनेस क्लास शामिल थी। मैराथन, खेल आयोजन और बाइक रैलियां बड़े पैमाने पर आयोजित की गई। इनके अलावा, मूवी थिएटर से लेकर हाईवे अंडर ब्रिज, रेलवे और यहां तक कि कचरा वाहनों के माध्यम से भी स्वीप संदेश, पोस्टर, स्टिकर, जिंगल हर जगह लगाए गए।

**महिला मतदाताओं को लक्षित करना-** महिलाएं अपने परिवारों के व्यवहार में बदलाव लाती हैं। इसलिए, स्वयं सहायता समूह को बड़े पैमाने पर शामिल किया गया। 9500 एसएचजी की 2 लाख महिलाएं गहन रूप से शामिल थी। दीप विसर्जन, मानव रचना और रंगोली प्रतियोगिताएं बड़े पैमाने पर की गई। अधिकांश मनरेगा कर्मचारी और अधिकांश बीएलओ महिलाएं हैं, उन्होंने दूसरों को वोट डालने के लिए सहमत करने में अविश्वसनीय भूमिका निभाई।

**युवा और पहली बार मतदाताओं को शामिल करना-** स्वीप युवोत्सव का आयोजन बीपीओ केंद्र में किया गया, जहां कई स्थानीय युवा काम करने आते हैं। युवाओं को चुनावी साक्षरता क्लबों, उनके कॉलेजों में स्वीप कार्यक्रमों के माध्यम से कई तरीकों से शामिल किया गया।

**दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं को शामिल करना-** वृद्धजन सम्मान, दिव्यांगजन सम्मान जैसे कार्यक्रम किए गए। सभी मतदान केंद्रों में दिव्यांग रथ चलाए गए। गर्भवती, दिव्यांग, वरिष्ठ, घायल मतदाताओं और छोटे बच्चों वाले मतदाताओं तक सीधी पहुंच प्रदान करने के लिए ग्रीन चौनल को अच्छी तरह से लागू किया गया। सुलभ मतदान केंद्रों को सुनिश्चित करने के लिए एनएसएस, एनसीसी और स्काउट्स को नियुक्त किया गया।

**स्वागत योग्य और सुलभ मतदान केंद्र-** दूसरे चरण के चुनावों की मुख्य चुनौतियों में से एक अप्रैल की असहनीय गर्मी थी और साथ ही 26 अप्रैल की तारीख को कई शादियां तय की गई थी। कई अनोखे उपाय लागू किए गए। गर्मी से बचने के लिए कूलर लगाए गए, सभी मतदान केंद्रों में ओआरएस कॉर्नर स्थापित किए गए। मतदाताओं को पानी, ओआरएस, रसना परोसा गया। क्रेच और वेटिंग रूम की सुविधा भी स्थापित की गई। अप्रैल की गर्मी से बचने के लिए टेंट और प्राकृतिक शेड बनाए गए थे।

## उदयाचल में गणतंत्र दिवस पर श्री सुनील अग्रवाल करेंगे ध्वजारोहण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुबह 8:00 उदयाचल में 222 22 ध्वजारोहण शहर के समाजसेवी एवं उद्योगपति श्री सुनील अग्रवाल, 22 द्वारा किया जाएगा। उन्होंने हमेशा ही समाजसेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई है। ध्वजा रोहण के बाद उनके द्वारा मरीजों को लड्डू एवं फल वितरण 222 करवाया जाएगा।

## मघु बाला अंगेशवर देशमुख मां भानेशवरी मंदिर दर्शन कर आशीर्वाद लिया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक सिघोला कांग्रेस अधिकृत करने ब्लांक कांग्रेस कमेटी तुकज साहू पूर्व मंडी सदस्य महेश्वर प्रसाद साहू वरिष्ठ कांग्रेसी उपाध्यक्ष जनपद



पंचायत रोहित चंदाकर योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य ललिता डोमार साहू जनपद सदस्य दिलीप चंदाकर मेघा चंदाकर चैन साहू तारा साहू प्रमोद कुमार साहु ने परवेक्षक पंकज बांधव आवेदन दिया तथा कार्यकर्ता के मांग पर हाईकमान अंतिम मुहर लगाने अपील किया। जनसंपर्क सिघोला भोथीपार खुर्द नया पुराना पारा उसडीबोड मलपुरी मुड़पार सुरगी पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र वैष्णव जनपद सदस्य ललिता डोमार साहू सरपंच दिव्या केशव हिरवानी महेश्वर साहू चैन साहू तारा साहू रोहित भरतदाज रूखमणी साहू कुंदन चंदाकर रामलाल साहू हरिनारायण साहू मूलचंद जैन हेमंत साहू गुमान ढीमर शनि साहू महेश दिवाकर भेंट मुलाकात कर अपने पक्ष चुनाव प्रचार करने निवेदन किया।

**शुभांक**

**3-4-6**

**489-1 369-8**

## अग्रणी दिग्विजय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के अंतर्गत वाणिज्य विभाग द्वारा विस्तार गतिविधि कार्यक्रम का आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोकत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा प्राचार्या डॉ. किरण लता दामले के निर्देशन एवं वाणिज्य विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. एस.के.ऊके के मार्गदर्शन में विस्तार गतिविधि कार्यक्रम का आयोजन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्हारपुरी में दिनांक 14/01/2025 को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से कन्हारपुरी विद्यालय के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को अग्रणी दिग्विजय -राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को नई शिक्षा नीति के विजन, उद्देश्य, महत्व व महाविद्यालय में संचालित होने वाले सारे पाठ्यक्रमों की जानकारी के प्रो. रागिनी पराते के द्वारा





पी.पी.टी.के माध्यम से प्रदान की गई7 जिसके अंतर्गत छात्रों को जेनेरिक कोर्स, वैल्यू एडेड कोर्स, स्किल एनहैंसमेंट कोर्स,के बारे में जानकारी दी गई। उपरोक्त एक दिवसीय कार्यक्रम में कक्षा 12वीं के पश्चात कैरियर गाइडेंस की जानकारी पी.पी.टी के माध्यम से प्रो. तरुणा वर्मा के द्वारा विद्यार्थियों दी गई 7 जिसके अंतर्गत से छात्रों को कक्षा 12वीं के पश्चात करियर ऑप्शन व उच्च शिक्षा हेतु छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया 7 कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्या श्रीमती संगीता खोब्रागढ़े , वरिष्ठ व्याख्याता सुरेंद्र ढारगावे, विरेंद्र दुबे,एवं अन्य स्टाफ व साथ ही दिग्विजय महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉक्टर प्रज्ञा मिश्रा, श्रीमती स्वयंसिद्धा झा साथ ही एम.कॉम. चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे 7 कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्या को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया एवं छात्र-छात्राओं से प्रतिपुष्टि फॅार्म देकर कार्यक्रम के संबंध में प्रतिपुष्टि ली गई ।

## परीक्षा में सफलता के लिए बताया गया एकाग्रता का महत्व एवं विधि

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के बी ए पार्ट वन के विद्यार्थियों को आज परीक्षा में सफलता के लिए एकाग्रता की महत्व तथा एकाग्रता की विधि पर सारगर्भित उदबोधन दिया गया । इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय से मुख्य वक्ता के रूप ने पधारी ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी ने एकाग्रता बढ़ाने के लिए राजयोग को अपने जीवन अपनाने की बात कही । साथ ही उन्होंने कहा कि जब भी पढ़ाई करने बैठे तो पांच मिनट परमात्मा का ध्यान करे या ओम का उच्चारण करे इससे हमारी मन बुद्धि एकाग्र हो जाती और हम



जो भी पढ़ते है वो लंबे समय तक याद रहती है । ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को राजयोग की गहन अनुभूति भी कराई । इससे पूर्व ब्रह्माकुमार झालम भाई ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मोबाइल के कारण हमारे मन में ओवर इनफार्मेशन रहता है जिसकी हमे जरूरत नहीं होती इससे हमारी एकाग्रता नष्ट होती है । विद्यार्थियों को चाहिए कि वे सोने से 2 घंटे पूर्व मोबाइल से दूर हो जाए तथा सुबह उठने के बाद 2 घंटे तक मोबाइल न देखे । सुबह उठते ही सात बार सकारात्मक चिंतन करे जैसे मैं बहुत बुद्धिमान आत्मा हूं । इससे हमारी बुद्धि बढ़ेगी और मन की एकाग्रता भी बढ़ेगी । इस अवसर पर दिग्विजय महाविद्यालय के भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ शुभेंदु जेनामणि जी , ब्रह्माकुमारी महिमा बहन जी , प्राध्यापिका नम्रता बहन जी, ब्रह्माकुमार राजकुमार भाई , ब्रह्माकुमार दीपक शर्मा जी तथा लगभग 150 की संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा ग्रामीण मंडल ने कमर कसी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए भाजपा ग्रामीण मंडल ने बैठकों का दौर शुरू कर दिया है, जिला भाजपा



अध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत के निर्देशन में भाजपा ग्रामीण मंडल ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर बैठक ग्रामीण मंडल अध्यक्ष (पश्चिम) मनोज साहू, खिलेश्वर साहू(पूर्व )ने मंडल के वरिष्ठों की उपस्थिति में जिला, जनपद ,सरपंच हेतु रायशुमारी लिया गया और अधिक से अधिक भाजपा समर्थित चुनाव जीतकर आए और आपसी सामंजस्य बनाकर चुनाव रन में उतरने की बात कही ,बैठक में त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर ग्रामीण कार्यकता में भारी उत्साह है जिला ,जनपद हेतु रायशुमारी लिया गया बैठक में प्रमुख रूप से मंडल वरिष्ठ लीलाधर साहू, रोहित चंद्राकर, विवेक साहू, अशोक देवांगन, दिनेश शर्मा, कृष्णा तिवारी, देवकुमारी साहू, पुष्प गायकवाड़ ,शक्ति केंद्र, प्रभारी,संयोजक सहसंयोजक, बड़ी संख्या में ग्रामीण कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 05 हजार महिलाओं की कलश यात्रा के साथ हिन्दू संगम मेला बोडला का हुआ शुभारंभ









**बोडला (नांदगांव टाइम्स)।** माघ मौनी अमावस्या के अवसर पर बोडला बांधाटोला हिन्दू संगम मेला स्थल में 06 दिवसीय हिंदू संगम मेला का विशाल आयोजन शुक्रवार को 05 हजार महिलाओं की विशाल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ।इस बीच एक रंग की साडी पहनी महिलाओं ने सिर पर श्रीराम मंदिर बोडला से कलश लेकर हिन्दू संगम मेला पहुंची।इस दौरान विशेष रूप से बैगा नृत्य,पंथी नृत्य,डंडा नृत्य भी कलश यात्रा के दौरान किया गया।इस हिन्दू संगल मेला का आयोजन 24 जनवरी से 29 जनवरी तक किया जाएगा जिसके लाखों की संख्या हिन्दू समाज के लोग इस मेला में हिस्सा लेने के लिए पहुंचेंगे।

### बाइक रैली के साथ सैकड़ों की संख्या में पहुंचे बजरंगदल के कार्यकर्ता

हिंदू संगम मेला में आस - पास के क्षेत्रों में जागरूकता लाने के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने कवर्धा से बाइक रैली निकाली जो पहले पोड़ी पहुंचा।जिसके बाद पोड़ी में स्थित बजरंगबली की विशाल मूर्ति की पूजा अर्चना करने के बाद डीजे के साथ सैकड़ों की संख्या में बजरंगी कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकालकर हिन्दू संगम मेला स्थल में पहुंचे।

### जनजाति, बैगा गुनिया और संत सम्मेलन का होगा आयोजन

इस वर्ष होने वाले हिंदू संगम मेला में विशेष रूप से जनजाति, बैगा गुनिया और संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।जिसमें हिन्दू जनजाति समाज के लोगों का सम्मेलन होगा,इसके साथ ही स्थानीय क्षेत्रों में रहने वाले बैगा गुनिया लोगों को भी इस मेले में आमंत्रित किया गया है जो 27 जनवरी को हिन्दू संगम मेला में भाग लेंगे।इसके साथ 29 जनवरी को संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा मठ मंदिरों में पूजा अर्चना करने वाले पुजारियों को सम्मानित किया जाएगा।

### 05 दिनों तक आयोजित होगा श्रीराम महायज्ञ

हिंदू संगम मेले में विशेष रूप से श्रीराम महायज्ञ भी किया जा रहा है।शनिवार से महायज्ञ की शुरुआत किया गया,इस महायज्ञ के यज्ञाचार्य रूसे वाले पंडित श्री चंद्रशेखर तिवारी है जो 05 दिनों तक यज्ञ कराएंगे वहीं कार्यक्रम के अंतिम दिन पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा।इस महायज्ञ में सर्व हिन्दू समाज के यजमान के द्वारा यज्ञ में आहुतियां डाली जा रही है।

## ज्ञान मंथन

*1) विश्व में मक्का के पेटी किस देश में पायी जाती है?*
*2) विश्व में लंबे रेशें के कपास का सबसे बड़ा उत्पादक एवं निर्यातक देश कौन सा है?*
*3) सामान्य जीवन निर्वहन कृषि श्रीलंका में किस नाम से जानी जाती है?*
*4) कौन-सा महासागर हेरिंग पॉण्ड के नाम से जाना जाता है?*
*5) किसे संगीत कलानिधि पुरस्कार से सम्मानित किया गया?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) अमेरिका (2) अमेरिका (3) चेन्ना (4) अटलांटिक महासागर (5) टी एम कृष्णा

# शहीद वीर रामाधीन गोड़ बलिदान दिवस सम्पन्न

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला आदिवासी गोड़ समाज राजनांदगांव के तत्वाधान में 23 जनवरी को शहीद वीर रामाधीन गोड़ बलिदान दिवस पदम् श्री गोविन्द राम निर्मलकर आडोटोरियम नगर पालिका निगम राजनांदगांव के प्रागंण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथी मान. श्री डॉ. रमन सिंह जी अध्यक्ष विधानसभा छ.ग. एवं विधायक राजनांदगांव अध्यक्षता मान. श्री एम.डी. ठाकुर राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय गोड़ महासभा धमधागढ़, विशिष्ट अतिथि मान. श्री मधुसूदन यादव जी पूर्व सांसद, मान.श्री रमेश पटेल पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा के द्वारा शहीद वीर रामाधीन गोड़ के तैलचित्र पर दीपक जलाकर हार पहनाकर पूजा अर्चना किये। के पश्चात स्वागत ममता शिन्दे के द्वारा गीत नृत्य प्रस्तुत कर अतिथिओं को स्वागत किया गया। के बाद एम.डी. ठाकुर नीलकंठ गढ़े, रामानंद उइके, दलेश्वर कतलाम, कन्हैया टेकाम के द्वारा स्वागत हार भेट मा.श्री डॉ. रमन सिंह अध्यक्ष विधानसभा छ.ग. को किया गया। सर्वप्रथम नीलकंट गढ़े जिलाध्यक्ष कार्यक्रम का आयोजक स्वागत



उद्बोधन किये। जिन्होने शहीद रामाधीन का संक्षिप्त जीवन परिचय में उनके पिता पतिराम व माता सुखरी बाई घर में लाड़ प्यार से पला था क्रांतिकारी विचार फुट-फुट कर भरी हुई थी 21 जनवरी 1940 जंगल सत्याग्रह डोंगरगाँव क्षेत्र बादराटोला में अंग्रेजो ने गोली चलाई जो उनके सीने में लगी और वे शहीद हो गये। तब से आज तक उनके नाम से शहीद दिवस मनाते आ रहे है। एम.डी. ठाकुर अपने उद्बोधन में कहा की 74 पीढ़ी आदिवासियों के जीवनीय पर प्रकाश डालते हुए समाज को मुखातीर किया जो सराहनीय रहा। मुख्य अतिथि के रूप में आये मान. श्री डॉ. रमन सिंह ने उद्बोधन में कहा यह सम्मान देश के लिये सम्मानीय जनक बात है कि कई आदिवासी हमारे देश लिए शहीद होते आ रहे है उनमें से एक शहीद रामाधीन जी है उसी को याद करते हुए आज हम शहीद रामाधीन बलिदान दिवस मना रहे है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने आदिवासियों के हित में बहुत सारे काम किए है जो विश्वमरणीय है जैसे- देश के राष्ट्रपति वर्तमान जो है वे आदिवासी समाज से आती है जिनका श्रीमती द्रोपती मुर्मू जी है। और छ.ग. प्रदेश के मुखिया (मुख्यमंत्री) विष्णु देव साय जी है। जब से छ.ग. में भाजपा की सरकार आई तब से सरकार अच्छे कार्य कर रही है।

ऐसे महान बिरसामुड़ा के याद में पूरे भारत वर्ष में उनके याद में शहीद दिवस मनाया गया। आज समाज के प्रमुख एवं समाज सेवी उपस्थित हुए उन्हे मैं बधाई देता हूँ ऐसे शहीद के लिए स्मरण कर आप पधारे। कार्यक्रम में उपस्थित हुए लोग जैसे- अग्रहीत मंडावी छुईखदान, राजेश्वर ध्रुव, आत्माराम चंद्रवंशी छुरिया, हीरूराम गंगवंशी, भूषण मरकाम डोंगरगढ़, सीताराम ठाकुर, पन्ना नेताम दुर्ग, दलेश्वर कतलाम, अर्जुन मरकाम, रमेश मंडावी, कृपालु उईके, श्रीमती पुष्पा उइके, श्रीमती कुवरिया मंडावी, श्रीमती हनिता पट्टोटी आदि हजारों की संख्या में उपस्थित हुए।

# दो दिवसीय मोखला महोत्सव 1 एवं 2 फरवरी को, प्रसिद्ध कथावाचक पं.कामता प्रसाद शरण देंगे प्रथम मंच प्रस्तुति

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम - मोखला (आरला) मे आशीर्वाद नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में 1 एवं 2 फरवरी 2025, शनिवार, रविवार आपको आमंत्रित करते हुये अत्यंत हर्ष हो रहा है कि हमारे ग्राम मोखला दो दिवसीय मोखला महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है।जिसमे जय गुरूदेव मानस परिवार, कुरेड़ादादर पं. श्री कामता प्रसाद शरण जी समय दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक, द्वितीय मंच स्वारांजलि जगराता परिवार, खुरसुल समय शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक। 2 फ़रवरी को शारदा मानस परिवार, भरदागोड़ सावित्री जंघेल समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक, मां चंडी मिंटू पुरन जस झाँकी मंडली, उरला समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक,मां की प्रेरणा जगराता एवं सुआ परिवार धर्मनगरी, आरंग, रायपुर समय शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक होगा।आयोजक समिति आशीर्वाद नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासी ने क्षेत्र वासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लेने का आग्रह किया है।



# गायत्री विद्यापीठ में वंदेमातरम् गीत की 150वीं जयंती मनाई गई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ में शनिवार को वंदे मातरम् गीत की 150वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आज शालेय प्रार्थना सभा में भारत माता के तैल चित्रों पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के पश्चात् वंदे मातरम् राष्ट्रीय गीत का इतिहास बताया गया। शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर के द्वारा बच्चों को देश प्रेम व देश के लिए समर्पण, त्याग की भावना का महत्व समझाते हुए राष्ट्र धर्म सर्वोपरि हो इस हेतु प्रेरित किया गया।

इस आयोजन में शालेय विद्यार्थी एवं शिक्षकों द्वारा सुमधुर धुन में वंदे मातरम् गीत गाकर भारत माता की जय के नारे लगवाए गए। इसमें शालेय शिक्षकों द्वारा वंदे मातरम् गीत की महिमा का गुणगान भी किया गया।

इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव श्री निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष श्री सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक श्री अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर श्री तरणजीत सिंह टूटेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।

# अतिक्रमण के विरूद्ध निगम आयुक्त सख्त

## गौरव स्थल के सामने अतिक्रमण कर ठेला पसरा लगा देख हटाने के दिये निर्देश



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम सीमांतर्गत अवैध निर्माण एवं शासकीय भूमि पर हो रहे अतिक्रमण पर प्रभावी रूप से रोकथाम करने के लिये निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा द्वारा नगर निगम में अतिक्रमण दस्ता (तोडू दस्ता) का गठन किया गया है। गठित दल द्वारा शहर में प्रतिदिन निरीक्षण कर और शिकायत के आधार पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में आयुक्त स्वयं शहर में निरीक्षण कर रहे है। आज उनके द्वारा सुबह वार्ड भ्रमण के दौरान गौरव स्थल के सामने अतिक्रण कर ठेला पसरा लगाने पर अतिक्रमण दस्ता को हटाने निर्देशित कियें। जिसके परिपालन में निगम की टीम ने फल व कपड़ा व्यवसायी द्वारा पसरा लगाने सेड एवं टेबल लगाया गया था, जिसे हटाया गया।

अतिक्रमण या मटेरियल व मलमा रखने की जानकारी होने पर नगर निगम की गठित दल अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कर रही है। आज आयुक्त के निर्देश पर गौरव स्थल से अतिक्रमण हटाया गया, इसी प्रकार गत दिनों नंदई रोड स्थित भैसा कोठा निगम काम्पलेक्स के पीछे उद्यान भूमि में ठेला व गाडी आदि रखने पर खाली करा ताला लगाया गया।



# रक्तदान शिविर में 42 रक्तविरो के द्वारा रक्तदान किया गया



**राजनांदांव (नांदगांव टाइम्स)।** 24, जनवरी शुक्रवार को अखिल भारतीय दवा विक्रेता संघ के 50वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती, एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जगन्नाथ जी शिंदे के 75 वी जन्मदिवस के शुभ अवसर पर जिला दवा विक्रेता संघ राजनांदगांव ने जिला चिकित्सालय बसन्तपुर राजनांदगांव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया था रक्तदान के इस पावन अवसर पे दवा विक्रेता संघ केअनेकों अनेक सदस्यों ने उत्साह पूर्ण भाग लेकर, मानव सेवा हेतु 42 यूनिट खून , रक्तविरो के द्वारा रक्तदान किया गया ,रक्तदान के पश्चात दवा संघ के सदस्यों बहुत उत्साह उमंग देखते ही बनता रहा था । उक्त अवसर पे प्रदेश दवा विक्रेता संघ के संगठन सचिव देवव्रत गौतम ने इस प्रयास की भूरी भूरी प्रशंसा की जिला दवा विक्रेता संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष अतुल जैन ने रक्तदान कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर आगे भी अविरल गति से समाज कल्याण का कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही कोषाध्यक्ष अनिक खंडेलवाल जी तो अनेक वर्षो से रक्तदान की सेवा में लगे हुवे हैं इस कार्यक्रम में बहुत लगन एवं निष्ठा से लगे हुए थे संरक्षक श्री गोवर्धन दास लोहिया, श्री प्रेमचन्द गोलछा जी कार्यकारणी सदस्यों एवं रक्तदान करने वालों को धन्यवाद के साथ ही फ्रूटी, ओ आर एस घोल, फल एवं प्रमाण पत्र, का वितरण किया गया रक्तदान के इस महान अवसर पर जिला दवा विक्रेता संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष अतुल जैन के द्वारा अपनी मातुश्री श्रीमती फुलू देवी श्री श्रीमाल मोहला के स्मृति में जिला चिकित्सालय बसन्तपुर राजनांदगांव ब्लड बैंक विभाग के लिए ,ख्याति प्राप्त कंपनी का आरओ वाटर मशीन प्रदान किया है ब्लेड बैंक प्रभारी ठाकुर मैडम एवं स्टाफ ने जिला दवा विक्रेता संघ राजनांदगांव को आभार जताया इसके पश्चात सचिव जिला दवा विक्रेता संघ राजनांदगांव के दशरथ प्रसाद शर्मा ने रक्तदान के बारे मे बताया कि मानव काया से मात्र 350ml ही खून निकालते जो 120घंटे के अंदर शरीर के अन रक्त का निर्माण हो जाता हैं जिससे शरीर में स्फूर्ति और नई उर्जा का संचार होता हैं बार बार रक्तदान करने से खून भी पतला होता हैं।

# गणित के क्षेत्र में रामानुजन क अद्वितीय योगदान - डॉ. ओमकार लाल श्रीवास्तव

## सीमित संसाधनों में भी अपने जुनून और समर्पण से महानता हासिल की जा सकती है - डॉ. सुचित्रा गुप्ता

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शास. दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में एवं गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. के. के. देवांगन के मार्गदर्शन में गणित विभाग द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस 202 का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. ओमकार लाल श्रीवास्तव, प्राध्यापक, शास. कमला देवी राठी कन्या स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव से उपस्थित हुये। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डॉ. हेमंत कुमार साव ने कार्यक्रम के मुख्या वक्ता डॉ. ओमकार लाल श्रीवास्तव से सभी को परिचित करवाया 7 विभागाध्यक्ष डॉ. के. के. देवांगन ने कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी 7 महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है व राष्ट्रीय गणित दिवस मनाये जाने का कारण हम और हमारी पीढियां श्रीनिवास रामानुजन को याद रखे एवं उनकी पदचिन्हों पर चलने का प्रयास करे7 साथ ही महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की संक्षिप्त जीवनी से विद्यार्थियों को सन्देश दिया कि विपरीत परिस्थितियों व सीमित संसाधनों में भी अपने जुनून और समर्पण से महानता हासिल की जा सकती है।



इसके पश्चात् डॉ. ओमकार लाल श्रीवास्तव जी ने विद्याथियों को पी. पी. टी. के माध्यम से बताया कि रामानुजन ने गणित के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया, विशेष रूप से संख्या सिद्धांत, अनंत श्रंखला और गणितीय विश्लेषण में 7 उनके कार्यों ने आधुनिक गणित को नई दिशा दी7 उन्होंने 3900 से अधिक गणितीय परिणाम और प्रमेय दिए, जिनमे से कई आज भी शोध का विषय है7 रामानुजन का काम दिव्य प्रेरणा और गहरी अंतर्दृष्टि का उदहारण है 7 रामानुजन ने विशेष रूप से मोचक थीटा फंक्शन औत पार्टीशन थ्योरी में महत्वपूर्ण खोजे की 7 उनके द्वारा विकसित रामानुजन समीकरण आज भी गणित में क्रांतिकारी माने जाते है 7 आधुनिक गणित में, रामानुजन के कार्यो का प्रयोग संख्या सिद्धांत, गणितीयभौतिकी और क्रिप्टोग्राफी जैसे क्षेत्रों में होता है 7 उनकी मॉक थीटा फंक्शन ने ब्लैक होल औत क्वांटम भौतिकी के अध्ययन में नई संभावनाए खोली है। कर्यक्रम का मंच सञ्चालन डॉ. हेमंत साव द्वारा किया गया तथा आभार व्यक्त डॉ. कविता साकुरे के द्वारा किया गया 7 इस व्याख्यान में श्री रवि सोनकर (अतिथि प्राध्यापक) तथा एम.एस.सी. पूर्व, एम.एस.सी. अंतिम गणित के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## धर्म समाचार....

# जनवरी के दूसरे प्रदोष व्रत पर भोलेनाथ होंगे प्रसन्न, जरूर करें इस स्तुति का पाठ

हर माह में दो बार प्रदोष व्रत आता है। एक बार कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर और दूसरा शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर। इस दिन विशेष रूप से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की जाती है जिससे साधक को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद तो मिलता ही है। साथ ही सभी मनोकामनाएं भी पूरी होती हैं। ऐसे में आप इस दिन इस शिव स्तुति का पाठ जरूर करें। जनवरी का दूसरा प्रदोष व्रत 27 जनवरी, सोमवार के दिन किया जाएगा। सोमवार के दिन पड़ने के कारण इसे सोम प्रदोष व्रत भी कह सकते हैं। प्रदोष व्रत की पूजा के दौरान आप भगवान शिव की विशेष कृपा की प्राप्ति के लिए नटराज स्तुति का पाठ कर सकते हैं। प्रदोष व्रत का शुभ मुहूर्त - इस बार माघ माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 26 जनवरी को रात 08 बजकर 54 मिटन पर शुरू होने जा रही है। वहीं इस तिथि का समापन 27 जनवरी को रात 08 बजकर 27 मिनट पर होगा। प्रदोष व्रत की पूजा प्रदोष काल में करना शुभ माना जाता है। ऐसे में प्रदोष व्रत सोमवार, 27 जनवरी 2025 को किया जाएगा। इस दिन पूजा का मुहूर्त कुछ इस प्रकार रहने वाला है -




सोम प्रदोष व्रत पूजा मुहूर्त - शाम 05 बजकर 56 मिनट से 08 बजकर 34 मिनट तक

सत सृष्टि तांडव रचयिता
नटराज राज नमो नमः ।
हे आद्य गुरु शंकर पिता
नटराज राज नमो नमः ॥
गंभीर नाद मृदंगना
धबके उरे ब्रह्माडना ।
नित होत नाद प्रचंडना
नटराज राज नमो नमः ॥
शिर ज्ञान गंगा चंद्रमा
चिद्ब्रह्म ज्योति ललाट मां ।
विषनाग माला कंठ मां
नटराज राज नमो नमः ॥
तवशक्ति वामांगे स्थिता
हे चंद्रिका अपराजिता ।
चहु वेद गाए संहिता
नटराज राज नमोः ॥

**मिलते हैं ये लाभ**

प्रदोष व्रत के दिन नटराज स्तुति का पाठ करने से साधक को जीवन में अद्भुत परिणाम देखने को मिलते हैं। इसके पाठ से शिव जी की कृपा से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। साथ ही व्यक्ति का तनाव भी धीरे-धीरे दूर होने लगता है। ऐसे में आप रोजाना भी इस स्तुति का पाठ कर सकते हैं।

करें इन मंत्रों का जप -

? नमः शिवाय:

? त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् 7 उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात् 77

? नमः शिवाय गुरुदेवाय नमः ? शिवलिंगाय नमः शिव गायत्री मंत्र - ऊँ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि, तन्नो रुद्रः प्रचोदयात।

महामृत्युंजय मंत्र - ? त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात॥

## घर की इस दिशा में रखें कछुए की मूर्ति, मिलेंगे जबरदस्त फायदे

वास्तु शास्त्र और फेंगशुई (चीनी वास्तु शास्त्र) में भी कछुए को सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। कुछ लोग अपने घरों में कछुआ पालते भी हैं तो वहीं कुछ लोग कछुए की मूर्ति रखते हैं। ऐसे में अगर आप घर में कछुए की मूर्ति रखने का मन बना रहे हैं तो इसके लिए कुछ नियमों का ध्यान जरूर रखना चाहिए। वास्तु शास्त्र के मुताबिक घर में पीतल का कछुआ रखना सबसे शुभ माना जाता है। लेकिन इसे रखने के लिए आपको सही दिशा का भी पता होना चाहिए, तभी आपको इसके पूरे फायदे मिल सकते हैं।



**किस धातु का कछुआ रखें**- वास्तु शास्त्र के अनुसार आप अपने घर में पीतल के अलावा सोने या चांदी से बना कछुआ भी रख सकते हैं। इसी के साथ क्रिस्टल का कछुआ रखना भी काफी शुभ माना जाता है। साथ ही वास्तु शास्त्र में कछुए की मूर्ति घर लाने के लिए बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार का दिन सबसे अच्छा दिन माना जाता है।

**किस दिशा में रखें**- पीलत सोने और चांदी का कछुआ रखने के लिए उत्तर या फिर उत्तर-पश्चिम दिशा को सबसे बेहतर माना गया है। वहीं अगर आप अपने घर में क्रिस्टल का कछुआ रख रहे हैं, तो इसके लिए ईशान कोण सबसे उत्तम रहेगा। इसके साथ ही आप कछुए को मुख्य द्वार के पास, घर के अंदर की तरफमुंह करके रख सकते हैं। वहीं मंदिर में भी कछुए की मूर्ति रखना शुभ माना जाता है। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है।

**ध्यान रखें ये बातें**- आपके कछुए की मूर्ति कुछ इस तरह की होनी चाहिए कि आप उसे पानी में रख सकें। ऐसा करना काफी शुभ माना जाता है। आप चाहें तो पानी को रोजाना बदल भी सकते हैं। इस बात का भी ध्यान रखें कि कछुए को कभी भी अंधेरे स्थान पर नहीं रखना चाहिए।

nandgaon times jan-26-04.qxd 1/25/2025 11:57 PM Page 2



# फर्स्ट रैंक प्राप्त कर राजनांदगांव टीम बनी कराते चौंपियन ऑफ चौंपियंस

### जिला कराते संघ राजनांदगॉव के द्वारा आयोजित की गई चैम्पियनशिप

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनांदगांव के कमला देवी कॉलेज के स्पोर्ट्स हॉल में द्वितीय चौंपियन ऑफचौंपियंस ओपन राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन जिला कराते संघ के सचिव छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं राजनांदगांव एकेडमी ऑफमार्शल आर्ट के मुख्य प्रशिक्षक शिहान मुरली सिंह भारद्वाज के नेतृत्व में कराया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में राजनांदगांव की टीम कुल 50 स्वर्ण पदक प्राप्त कर ओवर ऑल चौंपियन बनी। उक्त टूर्नामेंट का संचालन सेंशाई अंबर सिंह भारद्वाज अंतर्राष्ट्रीय कराते खिलाड़ी एवं गुण्डाधुर अवॉर्डी के पर्यवेक्षण में आयोजित हुआ। यह प्रतियोगिता अलग अलग वर्गो में अयोजित की गई, जिसमे सब जूनियर कैडेट, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के प्रतिभागी शामिल हुए। पदक विजेता खिलाड़ियों के नाम वर्ग वार निम्नानुसार है - सब जूनियर बालिका वर्ग - सिमरन तिवारी ( स्वर्ण पदक काता, कांस्य पदक कुमिते ) भेरूषि साहू ( रजत पदक काता , रजत पदक कुमिते) , अवनी खंडेलवाल (स्वर्ण पदक काता, स्वर्ण पदक कुमिते) ,पारुल साहू (स्वर्ण पदक काता, रजत पदक कुमिते) अहाना प्रसाद (रजत पदक काता, रजत पदक कुमिते) पलक साहू ( कांस्य पदक काता, कांस्य पदक कुमिते) , दीतीशा साहू ( स्वर्ण पदक कुमिते) , नितिशा निप्पणे (कांस्य पदक काता, कांस्य पदक कुमिते) पावनी साहू (कांस्य पदक कुमिते) , दिनशा खोबरागड़े (कांस्य पदक कुमिते) , मान्या साहू ( कांस्य पदक कुमिते) , गीत मोटवानी (रजत पदक काता रजत पदक कुमिते) , ख्याति साहू ( कांस्य पदक कुमिते), लिमिशा वासनिक (कांस्य पदक कुमिते) बालिका कैडेट वर्ग - धात्री साहू ( रजत पदक काता रजत पदक कुमिते), झलक साहू (कांस्य पदक कुमिते) ,विधि सिन्हा (रजत पदक काता) , बालिका सीनियर वर्ग - मुस्कान साहू (कांस्य पदक कुमिते) , सुधा साहू (रजत पदक काता कांस्य पदक कुमिते) , अन्नपूर्णा साहू (कांस्य पदक कुमिते) , लोकिता साहू (स्वर्ण पदक कुमिते कांस्य पदक काता) , सब जूनियर बालक वर्ग - शिवांश सोनी (स्वर्ण पदक कुमिते रजत पदक काता) , रिद्वांश चावड़ा (कांस्य पदक कुमिते ) श्रेष्ठ मिश्रा (स्वर्ण पदक कुमिते कांस्य पदक काता) , मानविक सेठिया (स्वर्ण पदक काता , कांस्य पदक कुमिते) , कविश शाह ( स्वर्ण पदक काता, कांस्य पदक कुमिते), अर्श सुखीजा ( कांस्य पदक कुमिते) , कबीर साहू (स्वर्ण पदक काता , रजत पदक कुमिते) , प्रथम तिवारी ( स्वर्ण पदक कुमिते, कांस्य पदक काता) , हिमांशु झा (स्वर्ण पदक काता रजत पदक कुमिते) , विनय साहू (कांस्य पदक काता कांस्य पदक कुमिते) , समर सोनी (रजत पदक काता रजत पदक कुमिते) , विराट साहू (स्वर्ण पदक काता, रजत पदक कुमिते) , नित्यम शर्मा ( कांस्य पदक कुमिते) , विराट निषाद ( कांस्य पदक कुमिते) कैडेट बालक वर्ग - छविकांत ( कांस्य पदक कुमिते) , दीपांशु सिन्हा ( कांस्य पदक कुमिते) , भास्कर साहू ( स्वर्ण पदक कुमिते स्वर्ण पदक काता) , सीनियर बालक वर्ग - शेख हमजा ( स्वर्ण पदक कुमिते कांस्य पदक कुमिते रजत पदक काता) उक्त टूर्नामेंट में जिला कराते संघ के अध्यक्ष नीलू शर्मा, छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के अध्यक्ष शिहान विजय तिवारी सर, महासचिव शिहान अमल तालुकदार सर, वीर हनुमान सिंह अवॉर्डी, संघ के कार्यकारी अध्यक्ष रेंशी ब्रम्ह्या नायडू सर, संघ के कोषाध्यक्ष शिहान डी रमेश सर वीर हनुमान सिंह अवॉर्डी, संघ के उपाध्यक्ष शिहान मुरली सिंह भारद्वाज, सेंशाई शशांक गुप्ता, शिहान दीपक गुप्ता, सेंशाई कमल पूजन, उपाध्यक्ष जिला कराते संघ राजनांदगांव उपस्थित रहे। संपूर्ण प्रतियोगिता को जयप्रकाश साहू, दुर्गेश साहू, ईषभ सिंह , करन साहू, लोचन साहू, तरुण साहू, टिकेश्वर साहू, लोकिता साहू, ओम नेहा सिन्हा, दीपशिखा सिन्हा, सूर्यकांत वर्मा,सुधा साहू वेगिता अग्रवाल,शेख हमजा, रघुवीर मिश्रा माधव मिश्रा, ऋषि साहू एवम राजनांदगांव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट के सभी सदस्यों ने अपना संपूर्ण समय देकर सफल बनाया।



# सांकरदाहरा में देवांगन समाज ने कुल देवी परमेश्वरी मां का किया प्राणप्रतिष्ठा







**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मोक्षधाम सरकार धारा में 23 एवं 24 जनवरी को दो दिवसीय मां परमेश्वरी का प्राण प्रतिष्ठा देवांगन समाज के द्वारा आयोजित किया गया प्रथम दिवस कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई पश्चात वेदी पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ 24 जनवरी को अन्नादिवास एवं फ़लधिवास के साथ मां परमेश्वरी का प्राण प्रतिष्ठा पंडित इंद्रजीत तिवारी के द्वारा किया गया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के देवांगन समाज एवं पूरे प्रदेश भर के देवांगन समाज के लोग उपस्थित हुए। सांकरदाहरा में देवांगन समाज का मां परमेश्वरी मंदिर 1985 में निर्मित किया गया था जिसका जीणोद्धार एवं मां परमेश्वरी की नई मूर्ति की का प्राण प्रतिष्ठा देवांगन समाज की द्वारा जन सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के आयोजक डोंगरगांव राज देवांगन समाज के द्वारा मंदिर के निर्माण एवं मूर्ति के लिए सहयोग देने वाले समाज की लोगों को साल एवं मोमेंटो से सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि दिनेश गांधी, जागृति यदु ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में डोगर गांव राज देवांगन समाज के अध्यक्ष मुकेश देवांगन ने कार्यक्रम में सहयोग देने के लिए सभी सामाजिक बंधुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।माताजी की हवन आरती के बाद कन्याभोज एवं भंडारा का आयोजन किया गया। डोंगरगांव राज देवांगन समाज के संरक्षक अकबर देवांगन, ने समाज की गतिविधि से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। छोटे बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम सभी अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में तीरथ देवांगन, अनिल कुमार देवांगन,देव कुमार देवांगन, डोल देवांगन, पुखराज देवांगन, भूषण देवांगन, लखन देवांगन, भागवत देवांगन, रोमन लाल देवांगन, रेखा राम देवांगन, पूसन लाल देवांगन, नरेंद्र देवांगन, गजेंद्र देवांगन,हेमंत देवांगन, लेखु राम देवांगन, गंधू राम देवांगन राधे श्याम देवांगन, मनोज देवांगन सहित ग्राम देवरी के समस्त देवांगन समाज ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मंत्री श्री टंकराम वर्मा करेंगे ध्वजारोहण जिला स्तरीय मुख्य समारोह दिग्विजय स्टेडियम में

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन 26 जनवरी 2025 को सुबह 9 बजे दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। समारोह में खेल एवं युवा कल्याण एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री श्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि होंगे। मंत्री श्री टंकराम वर्मा द्वारा 26 जनवरी 2025 को सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा एवं परेड की सलामी ली जाएगी। मंत्री श्री वर्मा परेड का निरीक्षण करेंगे एवं मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभागीय झांकियों का प्रस्तुतिकरण एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा।



# आज महापौर पद हेतु 7 एवं पार्षद पद हेतु 50 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया

## अब तक महापौर पद हेतु कुल 17 एवं पार्षद पद हेतु 147 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिका निगम राजनांदगांव के महापौर पद हेतु आज कुल 7 अभ्यर्थियों एवं पार्षद पद हेतु कुल 50 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। इस तरह अब तक महापौर पद हेतु कुल 17 अभ्यर्थियों एवं पार्षद पद हेतु कुल 147 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। महापौर पद हेतु आज कुल 3 अभ्यर्थियों एवं पार्षद पद हेतु कुल 15 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। महापौर पद के लिए अब तक निर्दलीय संदीप शुक्ले, निर्दलीय केवल रजक एवं निर्दलीय राकेश कुमार ठाकुर ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिका निगम राजनांदगांव अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से सुनील रामटेके, वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से विशाल गढ़े, वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से अमर झा, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से अजय छेदैया, वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से हरीश कुमार यादव, वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से कन्हैया साहू, वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से महेन्द्र लाल जंघेल ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। वार्ड क्रमांक 23 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से महेश कुमार यादव, वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से समीर श्रीवास्तव, वार्ड क्रमांक 25 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से सरिता शर्मा, वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद पद हेतु निर्दलीय दुर्गेश देवांगन, वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से मंजू यादव, वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से विध्या उपाध्याय, वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से आभा श्रीवास्तव, वार्ड क्रमांक 18 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से रश्मि लोधी, वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से छाया ठाकरे, वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से उषा द्विवेदी, वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से कोमल क्षत्रिय, वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से अंशुका बहेकर, वार्ड क्रमांक 18 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से रीना पटेल ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। वार्ड क्रमांक 32 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस से श्याम बाई वर्मा, वार्ड क्रमांक 36 के पार्षद पद हेतु निर्दलीय कमलेश नाई, वार्ड क्रमांक 28 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस से शरद कुमार कुशवाहा, वार्ड क्रमांक 36 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस से धानसिंह साहू, वार्ड क्रमांक 33 के पार्षद पद हेतु शकूर चौहान, वार्ड क्रमांक 27 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस से अशोक अग्रवाल, वार्ड क्रमांक 39 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से मयंक रश्मि जैन (पारूल), वार्ड क्रमांक 39 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से बलवंत साहू, वार्ड क्रमांक 37 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस से महेन्द्र बहादुर सिंह, वार्ड क्रमांक 36 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस से गोपीराम रजक, वार्ड क्रमांक 27 के पार्षद पद हेतु निर्दलीय युसुफभाई मनीहार, वार्ड क्रमांक 27 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से राजेश जैन (तनू), वार्ड क्रमांक 37 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस से गजेन्द्र शर्मा ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। वार्ड क्रमांक 49 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस पार्टी से ज्ञानेन्द्र कुमार चन्द्राकर, वार्ड क्रमांक 51 के पार्षद पद हेतु निर्दलीय पेशरू राम निषाद, वार्ड क्रमांक 50 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस पार्टी से मुकेश कुमार साहू, वार्ड क्रमांक 40 के पार्षद पद हेतु भाजपा से केंवरा जोशी, वार्ड क्रमांक 45 के पार्षद पद हेतु भाजपा से सरस्वती यादव, वार्ड क्रमांक 42 के पार्षद पद हेतु भाजपा से हितेश्वरी सेन, वार्ड क्रमांक 46 के पार्षद पद हेतु हेमंत कुमार यादव, वार्ड क्रमांक 43 के पार्षद पद हेतु भाजपा से खेमिन बाई, वार्ड क्रमांक 45 के पार्षद पद हेतु भाजपा से डुरेन्द्र साहू, वार्ड क्रमांक 51 के पार्षद पद हेतु भाजपा से चंद्रकृत साहू, वार्ड क्रमांक 45 के पार्षद पद हेतु शिवसेना पार्टी से प्रभा धनकर, वार्ड क्रमांक 41 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस पार्टी से दीपक कुमार सिन्हा, वार्ड क्रमांक 49 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस पार्टी से यशवंत कुमार, वार्ड क्रमांक 49 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस पार्टी से उत्तम कुमार साहू, वार्ड क्रमांक 50 के पार्षद पद हेतु भाजपा से भीमनारायण साहू, वार्ड क्रमांक 45 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस पार्टी से मोरध्वज साहू ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

**अब तक महापौर पद हेतु 3 एवं पार्षद पद हेतु 15 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया**

# भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष का टिकट काटा

**डोंगरगढ़( नांदगांव टाइम्स )।** भाजपा ने अधिकृत रूप से वार्ड पार्षद की सूची व नगर पंचायत के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा करते ही जिन प्रत्याशियों को टिकट दिया गया है वो बल्ले बल्ले कर रहे है तो जिनकी टिकट काटी गई है यैसे प्रत्याशी भाजपा को नुकसान पहुंचा दे तो आश्चर्य नहीं होगा. पिछले 15 वर्षो से निरंतर भाजपा के पार्षद पद पर निर्वाचित होने वाले व नपा में नेता प्रतिशत की भूमिका के साथ साथ भाजपा के कई प्रकोष्ठ में पदाधिकारी के पद पर पदस्थ होने के बाद भी पार्षद पद की टिकट काट दी गई है इससे नेता प्रतिपक्ष और समर्थकों में भारी निराशा देखी जा रही है. नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा की जगह पर गुरदीप सिंग कक्कड़ उर्फ टिंकू कक्कड़ को टिकट दिया गया है इसको लेकर नपा के नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा ने आरोप लगाया है कि भाजपा के आला नेताओं के द्वारा चरण वंदन करने वाले प्रत्याशियों को टिकट से नवाजा गया है, मेरे पिता मिसाबंदी रहे है और 15 वर्षो से भाजपा का विनिंग केन्डीडेट हूँ उसके बाद भी पार्टी के नेताओं ने टिकट काट दी है, मेरा चुनाव लड़ना तय है, मैं फार्म भी ला चुका हूँ, पार्टी तय करे कि वार्ड के अंदर रहने वाले प्रत्याशी को टिकट देना है या हेलीकॉप्टर प्रत्याशी पर भाजपा दांव अजमायेगी. भाजपा के द्वारा अधिकृत रूप से प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई है जिनमें प्रमुख रूप से वार्ड क्र. 01 अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) श्रीमती शारदा यादव वार्ड क्र.02 अनु जाति देवेंद्र साखरे वार्ड क्र. 03 अनारक्षित अनिल पांडेय वार्ड क्र. 04 अनारक्षित डी. एकेश राव वार्ड क्र. 05 अनु.जाति (महिला) श्रीमती गीतांजलि कोचे वार्ड क्र. 06 अनारक्षित रतन कोसे वार्ड क्र. 07 अनु जनजाति भूपेन्द्र मरकाम वार्ड क्र. 08 अनारक्षित श्रीमती अल्का सहारे वार्ड क्र. 09 अनु. जाति लोकेश इंदुरकर वार्ड क्र. 10 अनु. जाति अम्बर श्यामकर वार्ड क्र. 11 अनारक्षित उमा महेश वर्मा वार्ड क्र. 12 अनारक्षित (महिला) श्रीमती रश्मि भूत वार्ड क्रं. 13 अनारक्षित गुरदीप सिंह कक्कड़ वार्ड क्र. 14 अनु.जाति (महिला) सुश्री शिंवागी साखरे वार्ड क्रं. 15 अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) श्रीमती कमला साहू वार्ड क्रं. 16 वार्ड अन्य पिछडा वर्ग अनारक्षित अनीष निर्मलकर वार्ड क्र. 17 अनारक्षित राकेश कुमार वार्ड क्रं. 18 अनारक्षित (महिला) श्रीमती रेखा राघौत्रे वार्ड क्रं. 19 अनारक्षित अमित जैन वार्ड क्रं. 20 अनारक्षित हरीश मोटघरे वार्ड क्र. 21अनु जनजाति (महिला) श्रीमती मेनका राजेश कंडरा वार्ड क्रं. 22 अन्य पिछड़ा वर्ग अक्षय यादव वार्ड क्रं. 23 अन्य पिछडा वर्ग सुमित ताम्रकार वार्ड क्रं. 24 अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) श्रीमती बबीता मलागार को प्रत्याशी बनाया गया है तो दूसरी तरफलाल बहादुर नगर पंचायत के लिए भाजपा ने अधिकृत सूची जारी करते हुए देवेंद्र साहू को अध्यक्ष पद प्रत्याशी घोषित किया गया है.

**लाल बहादुर नगर से देवेंद्र साहू बनाए गए अध्यक्ष पद के प्रत्याशी.**

# आज सुबह सफाई निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अतिक्रमण हटाने, नाला सफाई कराने तथा गंदगी फैलाने वालो के विरूद्ध कार्यवाही के दिये निर्देश

## टाकाघर का जायजा लेकर ग्रीष्म ऋतु के पूर्व गाडिया एवं टैंकर मरम्मत कराने कहा



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा शहर में साफसफाई का जायजा लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने, स्वास्थ्य अमला को निर्देशित कर रहे है, वही शहर को व्यवस्थित व साफसुथरा रखने, अतिक्रमण व मलमा हटाने कार्यवाही के निर्देश दे रहे है।

आज सुबह उनके द्वारा शहर के मुख्य मार्ग एवं बस स्टैण्ड का निरीक्षण कर गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने कहा गया। नया बस स्टैण्ड में आज सुबह गंदगी पाये जाने पर आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा व स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव से कहा कि नाला नाले की सफाई कर बस स्टैण्ड में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये, जिन दुकानदारों एवं ठेला पसरा वालों द्वारा डस्टिबिन का उपयोग नहीं कर कचरा फैलाया जा रहा है, उनपर सक्तिबरत कार्यवाही करे। उनके द्वारा फ्लाई ओव्हर के नीचे साफसफाई कराने कहा गया तथा ठेला खोमचा व जी.ई.रोड के आस पास के दुकानदारों को साफ सफाई रखने डस्टबिन का उपयोग करने सक्त हिदायित दिया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री विश्वकर्मा टाकाघर पहुॅच जल, विद्युत मोटर विभाग के कर्मचारियों के संबंध में जानकारी लेकर गाडिया एवं टैंकर की जॉच कर मरम्मत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मोटर विभाग एवं जल विभाग से संबंधित समाग्री का भंडारण व व्यवस्था ग्रीष्म ऋतु के पूर्व दुरूस्त रखा जावे। उन्होंने इंदिरा नगर स्टोर में रखे समाग्री देख स्टाक रजिस्टर की जॉच कर उपयोग के संबंध में जानकारी लेकर स्वास्थ्य अधिकारी से कहा कि सफाई समाग्री का व्यवस्थित उपयोग करे, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में परेशानी न हो। आयुक्त ने शहर के उद्यानों में साफ सफाई रख सुचारू संचालन के उद्यान सह प्रभारी दिलीप गिरी को निर्देशित किये। कलेक्ट्रेड उद्यान की निगम अमला द्वारा साफ सफाई करायी गयी। आयुक्त ने निर्देश पर गौरव स्थल से अतिक्रमण हटाया गया।

**साफस फाई के अभाव में 7 लोगो पर कार्यवाही**

वही बस स्टैण्ड व जी.ई.रोड के दुकानदारों पर गंदगी फैलाने के लिये 7 लोगों पर 3 हजार 3 सौ रूपये जुर्माना लगा कार्यवाही की गयी। कार्यवाही के तहत नया बस स्टैण्ड के गणपति चाय दुकान से 1 हजार रूपये, फ्लाई ओव्हर के पास मवेशियों के लिये घास डालने वाले आनंद वर्मा से व पाठक होटल, मिश्रा दोसा सेन्टर से 5-5 सौ रूपये, बग्गा आटो पार्टस व आलोक दोसा सेन्टर से 3-3 सौ रूपये एवं गुड्डू पान ठेला से 2 सौ रूपये साफ सफाई के अभाव में जुर्माना वसूला गया।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com